हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 13 अक्टूबर 2025

06 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की दो बूंद अवश्य ...



07 विधायक के जन्मदिन पर हुआ पौधरोपण





## खबर संक्षेप

### जागरूकता व सम्मान कार्यक्रम आयोजित

**नर्मदापुरम।** महिला एवं बाल विकास परियोजना पिपरिया के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक कन्या शाला, पिपरिया में एक सार्थक एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। परियोजना अधिकारी श्री अनिल कुमार चौधरी के मार्गदर्शन में मनोचिकित्सक संबंधी उद्देश्यों से जुड़ी भ्रांतियों को समाप्त करने के संबंध में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ।

### उमू दुकान के आवंटन की आज अंतिम तिथि

**नर्मदापुरम।** मध्यप्रदेश सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश, 2015 के अंतर्गत अनियमितता पाए जाने एवं संलग्न संस्थाओं द्वारा संचालित दुकानों के संचालन में असमर्थता व्यक्त किए जाने के कारण कुछ उचित मूल्य दुकानों का निरस्तीकरण किया गया है। साथ ही, पंचायतों में 800 से अधिक उपभोक्ता कार्ड होने पर अतिरिक्त दुकान आवंटन की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए पात्र संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। वहीं 800 से अधिक उपभोक्ता कार्ड होने के कारण अतिरिक्त नवीन दुकान आवंटन किया जाना है जिसकी आवेदन की अंतिम तिथि आज है।

### भोपाल से आकर नर्मदापुरम में दिया घटना को अंजाम

# शहर में चैन स्नेचिंग करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में इन दिनों महिलाओ से लूट की वारदाते फिर से बढ़ने लगी है जहां सफाई के नाम पर आभूषणों की ठगना हो या महिलाओं के गले में से आभूषण झपटकर ले जाने की घटना हो ऐंसी खबरे आए दिन देखने को मिल ही जाती है। वहीं महिलाओं से बढ़ती ठगी की वारतदों को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जा रही है। नर्मदापुरम में एक ही दिन में दो चेन स्नेचिंग करने वाले तीन आरोपियों में से एक को अरेस्ट किया है। वह नाबालिग है। तीनों बदमाश भोपाल के रहने वाले है। उन्होंने नर्मदापुरम आकर आधे घंटे के भीतर 2 महिलाओं के गले से मंगलसूत्र का पेंडल और सोने की चेन झपट भाग निकले थे। आरोपियों की पहचान करने के लिए नर्मदापुरम पुलिस के तीन इंस्पेक्टर की टीम को करीब 400 सीसीटीवी कैमरे खंगालने पड़े। नर्मदापुरम में वारदात के बाद आरोपियों ने मिसरोद थाना क्षेत्र में भी वारदात की थी।शनिवार शाम 6.30बजे एएसपी अभिषेक राजन ने वारदात का खुलासा किया।

महिलओं से मंगलसूत्र झपटने वाले 3 आरोपियों को पुलिस ने धरदबोचा। आरोपियों ने शहर में 2 घटनाओं को अंजाम दिया था।



#### पुलिस पूछताछ में आरोपी ने स्वीकारा अपराध

एएसपी ने बताया एसडीओपी जितेंद्र पाठक के नेतृत्व कोतवाली थाना टीआई कंचन सिंह ठाकुर, देहात थाना प्रभारी सौरभ पांडे, साइबर सेल इंस्पेक्टर पदम सिंह मौर्य समेत 20 सदस्यों की टीम बनाई। नर्मदापुरम से भोपाल तक करीब 400 सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए। टीम द्वारा पाया कि संदेही पल्सर बाइक पर सवार तीन युवक भोपाल तिराहा से बुदनी तरफ जाते दिखे। बुदनी, बरखेड़ा, ओबेदुल्लागंज, मंडीदीप, मिसरोद व भोपाल तक फूटेज खंगाले गए। एक टीम ने भोपाल में डेरा जमाएं रखा। संदेही बाइक व युवकों की फोटो व वीडियो दिखाकर शुक्रवार रात को घटना के संदेही बाल अपचारी को ग्यारह मील ओवरब्रिज से रोका। पूछताछ करने पर उसने दो अन्य साथियों के साथ वारदात करना स्वीकार किया। एएसपी अभिषेक राजन ने बताया टीम को नगद पुरस्कार दिया जाएगा।

#### नकाबपोश ले उड़े मंगलसूत्र

एएसपी राजन ने बताया 1 अक्टूबर को शाम 5.30 बजे फरियादी मोनिका उमरिया अपनी स्कूटी से लड़की को लेकर बाजार जा रही थी कि, जिला अस्पताल तिराहा चाणक्य फोटो काफी के सामने बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों ने सोने के मंगलसूत्र पर झपटा मारा था। जिसमें मंगलसूत्र का पैंडल ले जिसके बाद शाम 6 बजे डबल फाटक क्षेत्र में बदमाशों ने सोनिया चौरे के गले में पहनी सोने की चेन खींच भाग निकले थे। दोनों मामले में कोतवाली और देहात थाने में केस दर्ज किया। एसपी सांई कृष्णा थोटा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीओपी जितेंद्र पाठक के नेतृत्व में तीन टीमें बनाई। वारदात के पांचवे दिन पुलिस टीम ने आरोपियों को पहचान कर ली। लेकिन आरोपी घर फरार थे। इसलिए उन्हें पकड़ने के लिए एक टीम ने भोपाल में डेरा जमाएं रखा। एक बाल अपचारी को अरेस्ट कर थाने लेकर आई।चेन स्नेचिंग की वारदात करने वाले आरोपी जीशान खान निवासी अर्जुन नगर मैंदा मील भोपाल और दो नाबालिग बाल अपचारी है। आरोपियों द्वारा जिला भोपाल के मिसरोद एवं कोलार थाना क्षेत्र में भी वारदात की थी।

## नप सफाईकर्मी के साथ की मारपीट, दिया शिकायती आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

नगर परिषद में कार्यरत सफाई कर्मचारी से गत दिवस कार्य दौरान मारपीट की गई है। जिसका शिकायती आवेदन पीड़ित ने सोहागपुर थाना प्रभारी के नाम दिया है।

आवेदक रोहित महोरिया पुत्र प्रहलाद महोरिया अंबेडकर वार्ड सोहागपुर ने आवेदन में उल्लेख किया है कि वह सोहागपुर नगर परिषद में सफाई कर्मचारी है। गत दिवस सुबह जब वह राजेंद्र वार्ड क्रमांक सात में सफाई का कार्य करने गया, तो इस साबिर खान ने आवेदक के साथ गलत व्यवहार किया। साबिर ने आवेदक से गाली गलौज की एवं जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। आवेदक ने आवेदन में आगे उल्लेख किया है कि सभी सफाईकर्मी पूर्ण ईमानदारी के साथ नगर सफाई कार्य करते आ रहे हैं। एवं दीवाली के दौरान कार्य अधिक होने के चलते कुछ लोग जोर जबरदस्ती कर पहले अपना कार्य करवाने का दबाव बनाते हैं व दुर्व्यवहार करते हैं। आवेदक तथा सोहागपुर नगर परिषद के अन्य सफाई कर्मियों ने चेतावनी दी है कि साबिर खान पर कार्यवाही ना करने पर सोहागपुर नप के सभी सफाईकर्मी कार्य बंद करेंगे। आवेदन के प्रतियां एसडीएम सोहागपुर, सोहागपुर सीएमओ तथा एसडीओपी सोहागपुर को भी भेजी गई हैं।

### कलेक्टर ने की इको सेंसेटिव जोन प्रस्तावों की समीक्षा

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोनिया मीना ने पिपरिया, सोहागपुर एवं इटारसी क्षेत्र अंतर्गत वन्य क्षेत्र के इको सेंसेटिव जोन की भूमि निर्धारण के लिए तैयार किए गए प्रस्तावों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने प्रत्येक अनुविभाग के वन विभाग एवं संबंधित विभागों द्वारा तैयार किए गए नक्शों और प्रस्तावों का गहन परीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि सोहागपुर क्षेत्र से लगे हुए वन क्षेत्र का एसडीएम द्वारा पुनः स्थल निरीक्षण किया जाए। उन्होंने कहा की अधिकारी यह भी सुनिश्चित करें निर्धारण प्रक्रिया के दौरान किसी भी व्यक्ति को अनावश्यक रूप से प्रभावित न होना पड़े। कलेक्टर ने यह भी निर्देशित किया कि इटारसी एवं पिपरिया द्वारा तैयार किए गए प्रस्ताव एवं नक्शे आगामी आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित किए जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि भूमि चिन्हांकन की प्रक्रिया शासन द्वारा निर्धारित नियमों एवं मापदंडों के अनुरूप ही की जाए। इस अवसर पर उपसंचालक स्तर ऋषभा नेताम, सिटी मजिस्ट्रेट श्री बृजेंद्र रावत सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## सतपुड़ा टाइगर रिजर्व कोर एरिया में पर्यटकों का 3 माह बाद प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



एसटीआर कोर क्षेत्र में तीन माह बाद पर्यटक रूप में मानवीय प्रवेश प्रारंभ हुआ है। लंबे समय तक मानवीय प्रवेश बंद होने के चलते वन्यजीवों की आवाजाही जंगल क्षेत्र में बहुत आसान हो गई थी। इसलिए मानसून उपरांत पर्यटन शुरू होने पर फिलहाल आसानी से बाघों की साईटिंग हो रही है। पर्यटन शुरू होने के दूसरे दिन रविवार को काफी पर्यटकों ने मॉर्निंग तथा ईवनिंग जंगल सफारी में बाघ के दीदार किए हैं।

### राज्यसभा सांसद नारोलिया आज रहेंगी हरदा जिले के प्रवास पर

**नर्मदापुरम।** राज्यसभा सांसद माया नारोलिया सोमवार 13 अक्टूबर को हरदा जिले के प्रवास पर रहेगी। प्राप्त जानकारी अनुसार नारोलिया प्रातः 10:00 बजे नर्मदापुरम से प्रस्थान कर दोपहर 12:00 बजे हरदा पहुंचेंगी तथा स्थानीय आत्मनिर्भर भारत सम्मेलन कार्यक्रम में सम्मिलित होगी। वे दोपहर 3:40 बजे हरदा से प्रस्थान कर दोपहर 4:00 बजे टिमरनी पहुंचेंगे एवं यहां स्थानीय कार्यक्रम में सम्मिलित होने के उपरांत शाम 6:00 बजे टिमरनी से प्रस्थान करेंगी।

## त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर सु सोनिया मीना के निर्देशानुसार संयुक्त जांच दल द्वारा खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं स्वच्छता की जांच का अभियान सतत रूप से जारी है। रविवार को गठित संयुक्त दल में तहसीलदार मती सरिता मालवीय, खाद्य सुरक्षा अधिकारी जितेंद्र सिंह राणा एवं कमलेश दियाबार, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी अमित साहू सहित संबंधित अधिकारी शामिल रहे। दल द्वारा नर्मदापुरम के विभिन्न मिष्ठान निर्माण स्थलों एवं भोजनालयों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सुंदरम बेकरी एवं न्यू राजस्थान मिष्ठान भंडार (रेलवे स्टेशन रोड) का परीक्षण किया गया, जिसमें न्यू राजस्थान मिष्ठान भंडार से मलाई बर्फी एवं मावा कतली के नमूने संग्रहित किए गए। इसी प्रकार राजस्थान भंडार, इंदिरा चौक से केसर कतली का नमूना लिया गया।

## कार्यशाला: भाषा और संस्कृति से जुड़ना मातृभूमि से जुड़ना है: विधायक डॉ शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



सिंधी साहित्य अकादमी की दो दिवसीय कार्यशाला में प्रदेश भर से आए चुनिंदा सिंधी साहित्यकारों का संवाद हुआ कार्यक्रम युवा लगन और वरिष्ठों के अनुभव के समागम के साथ रविवार को संपन्न हुआ द्वितीय दिवस के प्रथम सत्र में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ सीतासरन शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। डॉ शर्मा ने कहा कि सिंधी समाज हमारे गौरवगाथा में समाहित है अखंड भारत में सिंधु प्रदेश था जो भौगोलिक दृष्टि से अब भारत में नहीं है पर सिंधी भाषा और साहित्य के कारण आज भी सिंध जन गण मन में समाहित है। भाषा और संस्कृति मातृभूमि से जोड़ती है। साहित्य ही भाषा की पोषक है, जिस भाषा का साहित्य नहीं होगा तो वो भाषा समाप्त हो जाती है । भाषा को संस्कृति और संस्कार से जोड़ने में साहित्यकार की महती भूमिका रहती है । इस बात का जीवंत उदाहरण सिंधी भाषा और उसका साहित्य है। कार्यक्रम के संदर्भ में सिंधी साहित्य अकादमी के निदेशक राजेश वाधवानी ने कार्यक्रम की प्रस्तावना और उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इस दो दिवसीय कार्यशाला का सकारात्मक पक्ष ये है कि हमें कुछ नए और युवा लेखक मिले है ।कार्यक्रम के द्वितीय दिवस के प्रथम सत्र में कहानीकारों ने नवरचित कहानियों का पाठ किया। युवा लेखकों को वरिष्ठ साहित्यकारों ने कहानी लेखन की बारीकियों को सिखाया। वहीं अकादमी की ओर से बच्चों को आकर्षक गिफ्ट दिए गए। समापन सत्र में सभी सहभागियों ने अपनी साहित्यिक यात्रा के वृतांत और अनुभवों को साझा किया। इस दौरान सिंधी समाज पंचायत मुखी राम नवलानी,पूर्व पार्षद अजय रतनानी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## नपा द्वारा गुप्ता ग्राउंड में सजाया जा रहा फटाखा बाजार, नपा ने 115 दुकानों का बनाया लेआउट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नगरपालिका द्वारा फटाखा व्यापारियों और ग्राहकों के लिए गुप्ता ग्राउंड में बाजार सजाया जा रहा है। गुप्ता ग्राउंड में नपा द्वारा 115 दुकानों का लेआउट डाला गया है। जिनका आवंटन 14 अक्टूबर से किया जाएगा।

फटाखा बाजार प्रभारी हरिश गोस्वामी ने बताया कि नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर फटाखा बाजार लगाया जा रहा है। फटाखा बाजार में नगरपालिका द्वारा समुचित व्यवस्था की जा रही है। गुप्ता ग्राउंड के बाहर कोई दुकान लगाएगा तो उस पर कार्रवाई की जाएगी। लाइसेंसधारियों को ही 14 अक्टूबर से दुकानें आवंटित की जाएंगी।

अतिक्रमण दल प्रभारी सुनील राजपूत ने बताया कि 115 दुकानों का लेआउट डाला गया है। पार्किंग स्थल बनाए जा रहे हैं, गैलरी बनाई जा रही है। नपा द्वारा लाइटिंग की व्यवस्था के साथ ही दमकल की व्यवस्था की जाएगी। इस बार पूरा फटाखा बाजार कैमरे की नजर में रहेगा। दुकानदारों को अग्निशमन यंत्र के साथ ही रेत से भरी बाल्टियां भी रखनी होगी। शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन करना होगा।

### प्रमुख मार्गों से स्वयंसेवकों ने निकाला पथ संचलन

**नर्मदापुरम।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर रविवार को नर्मदापुरम में पथ संचलन निकाला गया। इसमें 1500 से ज्यादा स्वयंसेवकों ने घोष की धुन पर कदमताल किया और भारत माता की जय के नारे लगाए। संचलन एसएनजी स्टेडियम से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए वापस स्टेडियम पर समाप्त हुआ। इस दौरान शहरवासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया।यह विशाल पथ संचलन एसएनजी स्टेडियम ग्राउंड से प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत में अमृतवचन, एकल गीत, बौद्धिक और शस्त्र पूजन हुआ।

## सरस्वती शिशु मंदिर में हुई विचार संगोष्ठी, वक्ताओं ने दिए उद्बोधन




हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सरस्वती शिशु मंदिर रविवार को में समविचारी विद्यालयों की विभाग शैक्षिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि रूप में मप्र शासन स्कूल फीस नियामक समिति अध्यक्ष एवं विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रविंद्र कान्हेरे उपस्थित थे। सोहागपुर सरस्वती शिशु मंदिर प्रबंधन से प्राप्त जानकारी अनुसार संगोष्ठी के अन्य अतिथि दीपक चंदेवा मध्य भारत प्रांत नगरीय शिक्षा सह प्रांत प्रमुख तथा सौरभ उपाध्याय विभाग समन्वयक नर्मदापुरम उपस्थित थे। दीपक चंदेवा ने संगोष्ठी की भूमिका में कहा कि भारत की आजादी के बाद राष्ट्र की आवश्यकता अनुसार देश में शिक्षा के लिये कई शिक्षा नीतियां आईं। लेकिन सही युवा पीढ़ी तैयार नहीं की जा सकी, क्योंकि नीतियों का उचित क्रियान्वयन नहीं किया गया।

### आज कराई जाएगी बालरंग प्रतियोगिताएं

**नर्मदापुरम।** विगत वर्षों से राज्य स्तरीय बालरंग प्रतियोगिताओं का आयोजन आयुक्त, लोक शिक्षण, संचालनालय म.प्र. भोपाल के तत्वाधान में भोपाल में आयोजित किया जाता रहा है। इस वर्ष 2025 से राज्य स्तरीय बालरंग प्रतियोगिताओं का तीन संभागों इन्दौर, नर्मदापुरम, उज्जैन को आयोजित कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं। इसके परिपालन में नर्मदापुरम संभाग द्वारा 13 अक्टूबर 2025 को सांस्कृतिक, निःशक्त/दिव्यांग एवं उर्दू प्रतियोगितायें आयोजित करायी जावेंगी। नर्मदापुरम संभागान्तर्गत उक्त प्रतियोगिताओं के सुगम एवं सुचारू संचालन हेतु सांस्कृतिक प्रतियोगिता अन्तर्गत-सुगम संगीत, वादन, शास्त्रीय नृत्य एवं लोकगीत का आयोजन-नोडल संस्था, शासकीय उत्कृष्ट उमावि. नर्मदापुरम में किया जाएगा। वहीं अन्य स्कूलों में भी स्पर्धाएं होंगी।



खबर संक्षेप

## बैतूल की लाठी टीम राजस्थान में दिखाएगी परंपरागत खेल का दम



**बैतूल।** पारंपरिक भारतीय खेल लाठी के क्षेत्र में बैतूल एक बार फिर अपने हुनर का लोहा मनवाने जा रहा है। जिला लाठी संघ बैतूल की 11 सदस्यीय टीम राजस्थान के अलवर में होने वाले ट्रेडिशनल लाठी स्पोर्ट्स चैम्पियन सीप प्रतियोगिता में हिस्सा लेने रवाना हुई। यह प्रतियोगिता 14 से 15 अक्टूबर तक आयोजित की जाएगी, जिसमें साउथ एशियन ट्रेडिशनल लाठी चैंपियन सीप के लिए टीम इंडिया का चयन किया जाएगा। इंडिया टीम कोच विनोद बुंदेले ने बताया कि बैतूल टीम के सभी खिलाड़ी 1 लाठी, 2 लाठी और लाठी प्रहार इवेंट में हिस्सा लेंगे। टीम के खिलाडय़ों में बालक वर्ग से यश सावनेर, हर्षित डहेरिया, पीयूष कुम्भारे, प्रमोद (मोनू) यादव और मनन यादव शामिल हैं, वहीं बालिका वर्ग से वंशिका बुंदेले, सुरेखा पंडाग्रे, निरल चढोकार और सिद्धि प्रजापति हिस्सा लेंगी। खिलाडिय़ों को रवाना करने के अवसर पर जय हनुमान व्यायाम शाला गंज में एक भावपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जिला लाठी संघ के सचिव नरेंद्र शर्मा, व्यायाम शाला सचिव नरेश शर्मा, खलीफा पूरण लाल रायपुरे, कोच दीपक डहेरिया, वरिष्ठ खिलाड़ी रमेश भाटिया, व्यायाम शाला के व्यवस्थापक रवि मिश्रा, लाठी संघ के उपाध्यक्ष गौरव राठौर, विवेक मालवी, अतीक पवार, सचिन गोर और प्रकाश यादव उपस्थित रहे। सभी ने खिलाडिय़ों को आशीर्वाद देकर उन्हें देश और प्रदेश का नाम रोशन करने के लिए शुभकामनाएं दीं। अलवर में होने वाली यह राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता बैतूल के खिलाडय़ों के लिए एक बड़ा अवसर है, जहां उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को टीम इंडिया में शामिल किया जाएगा।

## बैठक में संगठन विस्तार और सामाजिक समरसता पर मंथन

**बैतूल।** भारतीय मजदूर संघ की जिला बैठक आज बिजली कर्मचारी महासंघ कार्यालय बैतूल में संपन्न हुई। बैठक में जिलेभर से जुड़े विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक की जानकारी देते हुए नगर पालिका नगर पंचायत मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष कमल किशोर भावसार ने बताया कि बैठक का संचालन भारतीय मजदूर संघ के जिलामंत्री पंजाबराव गायकवाड़ ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि 14 अक्टूबर को सामाजिक समरसता दिवस मनाया जाएगा। 3 नवंबर को जिला स्तरीय ज्ञापन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### जैन कोल्डिंग रोड पर आए दिन होती हैं दुर्घटनाएं और विवाद

# बड़ी घटना के बाद भी नहीं सुधरी विवादों वाली गली के हालत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

फवारा चौक से गांधी चौक को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग जैन कोल्डिंग रोड पर अतिक्रमण नगर की शांति और सौहार्द के लिए गंभीर संकट बन गया है। अतिक्रमण के कारण मार्ग पर पैदल चलना मुश्किल है। यही कारण है कि यहां आए दिन दुर्घटनाए होती है, जो विवादों को जन्म देती है। इसीलिए लोग इसे विवादों वाली गली कहने लगे हैं। इस मार्ग पर मोटर साइकिल दुर्घटनाएं और विवाद होना नई बात नहीं है।

व्यापारी बताते हैं कि इस मार्ग पर प्रति माह चार-पांच दुर्घटनाएं और विवाद आम बात है। किंतु हाल ही में दो दिन पूर्व जैन कोल्डिंग के सामने इस मार्ग पर मोटरसाइकिल सवार दो नाबालिक युवको का जब राष्ट्रीय स्वयं संघ के प्रचारक के साथ विवाद हुआ और इस विवाद के चलते जब संपूर्ण नगर में तनाव की स्थिति बनी, यह दुर्घटना पवित्र नगरी की वर्षों पुरानी भाईचारे की परंपरा पर गंभीर संकट थी, किंतु इस घटना के बावजूद इसके मूल कारण को अब भी प्रशासन गंभीरता से लेता दिखाई नहीं दे रहा है। अतिक्रमण से परेशान इस मार्ग के व्यापारी बताते हैं कि हाल ही में हुए विवाद और इसे पूर्व हुए अनेकों विवाद का मूल कारण इस मार्ग पर फैला अतिक्रमण और एक दूसरे से ज्यादा अतिक्रमण करने की होड है साथ ही इस भीड़भाड़ वाले एरिया में खूब स्पीड से मोटरसाइकिल पर अपनी कला का प्रदर्शन करते कम उम्र के युवा है। यह दो कारणो के रहते ऐसी घटनाएं कभी रुक पाएगी कहना कठिन है।



### मेरी दुकान तुम्हारी दुकान से पीछे क्यों

जैन कोल्डिंग मार्ग की सबसे बड़ी विडंबना कुछ व्यापारियों में अतिक्रमण करने को लेकर की जाने वाली प्रतिस्पर्धा है। कुछ व्यापारी एक दूसरे की दुकानों से आगे दुकान दिखाने की होड़ में आधे से अधिक दुकान रोड पर लगा लेते हैं जिसका खामियाजा संपूर्ण व्यापारियों को भुगतना पड़ता है। कुछ लोगों की वजह से इस मार्ग का व्यापार प्रभावित होता रहा है। दो पहिया वाहनों को निकलने में दिक्कत होती है और फिर दुर्घटनाएं होती है जिससे जिससे विवादों का जन्म होता है। पिछले दिनों भी जैन फोल्डिंग के सामने विवाद हुआ था जिसमें कुछ लोगों ने गोली चलने और कुछ लोगों ने पटाखा फोड़े जाने की अफवाह उड़ाई थी हालांकि यह मामला रखा दफा हो गया किंतु इस मार्ग पर यह घटनाए आम है।

### व्यापारियों ने कहा हम भी है परेशान

कांग्रेस युवा नेता एवं कपड़ा व्यापारी सुमित शिवहरे बताते हैं कि इस मार्ग की सबसे बड़ी समस्या अतिक्रमण और दूसरा तेज गति से दो पहिया वाहन दौड़ते युवा है जब तलक इन दो कारणो पर अंकुश नहीं लगाया जाएगा ऐसी घटनाएं होती रहेगी। पूर्व कृषि उपज मंडी सदस्य एवं इलेक्ट्रॉनिक दुकान के संचालक नरेंद्र साहू बताते हैं इस मार्ग पर हर माह में 4 से 5 दुर्घटनाएं और विवाद होना आम बात है। इस अतिक्रमण के चलते हम व्यापारियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस मार्ग के आसपास रहने वाले लोग इस अतिक्रमण के चलते इमरजेंसी में अपने घर के मरीजों को बहुत मुश्किल से दूसरी तरफ से अस्पताल पहुंचाते हैं। टेलर अरुण जैन बताते हैं कि अतिक्रमण और इस मार्ग पर वाहनों की समस्या के चलते हमारा व्यापार ठप होने लगा है प्रशासन को इसके सुधार के लिए ठोस कार्रवाई करने की आवश्यकता है।

### योजना नहीं है

जैन कोल्डिंग रोड पर अतिक्रमण हटाने के लिए वर्तमान में नगर पालिका की कोई योजना नहीं है। इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी से चर्चा करके फिर आपको बताता हूं।

**महेश शर्मा**, उप यंत्री नगर पालिका मूलताई

### पुलिस कप्तान के लिए भी चुनौती

## शहर के 18 वार्डों में 70 से ज्यादा जगहों पर अवैध शराब के अड्डे




हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमला

जिले में अभी-अभी नए पुलिस कप्तान ने पदभार संभाला है, शहर में भी कानून के नुमाइंदो में रद्दोबदल होती रही है, किंतु फिर भी शहर के कोने-कोनो में अपनी जड़े गहरी कर चुके अपराधों के अड्डे व्यवस्था का हिस्सा बनकर फलते-फूलते रहे हैं। फिर चाहे किसी की जान जाए, कोई गंभीर रोगों का शिकार होकर बिस्तर पकड़ ले, व्यवस्था फिर भी चलती रही है।

दरअसल हम बात कर रहे हैं पूरे शहर को अपनी गिरफ्त में ले चुके अवैध शराब के अड्डों की, शहर में अवैध शराब के कारोबार को गैर सामाजिक लोग सस्ती सुलभ कमाई का एक बड़ा जरिया मानते हैं। आमला अब अवैध शराब के अड्डों का ऐसा गढ़ बन चुका है, जहां पुलिस व्यवस्था भी मानो इसी व्यवस्था का एक हिस्सा बनकर रह गई है। जानकारी के अनुसार शहर के सभी 18 वार्डों में लगभग 70 से ज्यादा स्थलों पर अवैध शराब के अड्डे खूब फल फूल रहे हैं। शहर में तेजी से पनप रहे अवैध शराब के अड्डों और उसको चलाने वाले गैर सामाजिक लोग मंदिरों के आसपास और मंदिरों के प्रांगण से भी अपने धंधे चला रहे हैं, शहर के कुछ धार्मिक प्रांगण भी अब इस कारोबार से अछूते नहीं रहे हैं,कुल मिलाकर सवाल पूरी कानून व्यवस्था पर है कि आखिर ये अवैध कारोबार इतनी तेजी से क्यों फैल रहे हैं।

### ढाबों और होटल का मकसद भी केवल शराब

जानकारी के अनुसार शहर और शहर की सीमा से सटे ज्यादातर ढाबे और होटल केवल शराब बेचने के मकसद से ही चलाए जा रहे हैं, यहां कुछ ढाबे तो बाकायदा ग्राहकों की मांग अनुसार देसी विदेशी और महुआ की कच्ची शराब भी उपलब्ध करा रहे हैं और यह सब पूरी व्यवस्था के सामने ही चल रहा है, और आखिर क्यों शहर में इस तरह के अवैध कारोबारों को बढ़ावा देकर आने वाली पीढियां को क्या नशे की गर्त में धकेलने की कोई साजिश तो नहीं हो रही है,जैसा कि बताया जा रहा है कि कई स्कूल पढने वाले बच्चे भी इन अवैध ढाबों और होटलो के आसपास देखे जाते हैं।

### करते हैं कार्रवाई

हमारे द्वारा इलाके में लगातार अवैध शराब के खिलाफ कार्यवाही की जाती रही है। ये एक बड़ी समस्या है, पर इससे भी कठोरता के साथ निपटा जाएगा।

- राजेश सातनकर, थाना प्रभारी आमला

## आरएसएस शताब्दी वर्ष पर भीमपुर में हुआ संघ का भव्य पथ संचलन



**बैतूल।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के राष्ट्र साधना के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शताब्दी वर्ष उत्सव के अंतर्गत रविवार को भीमपुर में भव्य पथ संचलन का आयोजन किया गया। संचलन का प्रारंभ न्यू बस स्टैंड के पास स्थित ग्राउंड से प्रारंभ हुआ, जिसमें संघ कि रचना के भीमपुर मंडल के अंतर्गत विभिन्न ग्रामो से लगभग पांच सैकड़ा स्वयंसेवक सम्मिलित हुए उन्होंने घोष की ताल पर अनुशासित कदम बढ़ाकर नगरवासियों का ध्यान आकर्षित किया। नगर के नागरिकों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर संचलन का स्वागत किया। मुख्य वक्ता व प्रांत सह पर्यावरण संयोजक पुरुषोत्तम जी द्वारा स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वयंसेवक वह है जिसमें राष्ट्र भक्ति की भावना सदैव विद्यमान रहती है और वह भारत माता को परम वैभव पर पहुंचने के लिए निरंतर कार्य करते रहते हैं उन्होंने संघ की स्थापना पर प्रकाश डालते हुए संघ के विविध संगठनों और समाज विरोधी गतिविधियों पर भी स्वयंसेवकों को जानकारी के साथ ही पंच परिवर्तन जिसमे सामाजिक समरसता,कुटुंब प्रबोधन,पर्यावरण, स्व का बोध एवं नागरिक कर्तव्य के विषय मे जानकारी देकर इनसे जडऩे के लिएतु संकल्प लेने का भो सभी से आव्हान किया। उल्लेखनीय यह रही कि भीमपुर जैसे जनजाति क्षेत्र में भी संघ का स्वयंसेवकों का इतनी बड़ी संख्या में पूर्ण गणेश में सहभागी होना और नगर में भी उत्साह पूर्वक कई स्थानों पर जयघोष और फुलो से संचलन का स्वागत हुआ जिसमे बड़ी संख्या में महिलाएं समाजसेवी एवं जनप्रतिनिधि के साथ ही विभिन्न सामाजिक संगठन स्वागत में सहभागी बने। प्राचार्य आरएस ठाकुर सेवानिवृत एवं पंकज मुनि महाराज काली घोड़ी वाले उपस्थित रहे।

### मंत्री ने की व्यवस्थाओं की सराहना

## प्रभारी मंत्री ने जिला अस्पताल का देर रात्रि किया औचक निरीक्षण



**बैतूल।** लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने शनिवार रात जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने रजिस्ट्रेशन काउंटर, इमरजेंसी वार्ड, गेरियाट्रिक वार्ड और पुरुष मेडिकल वार्ड का दौरा किया तथा भर्ती मरीजों से आत्मीय चर्चा कर उनका हालचाल जाना। मंत्री श्री पटेल ने मरीजों के परिजनों से भी अस्पताल की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली, जिसमें परिजनों ने अस्पताल की व्यवस्थाओं की सराहना की। इसके बाद उन्होंने महिला एवं बाल रोग यूनिट का भी निरीक्षण किया और यहां भी मरीजों के परिजनों से चर्चा की। रीक्षण के दौरान बालिका गोरी के आग्रह पर मंत्री श्री पटेल ने उसके साथ सेल्फी भी खिंचवाई। उन्होंने जिला चिकित्सालय की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए चिकित्सकों और स्टाफ की कर्तव्यनिष्ठा एवं समर्पण भावना की सराहना की तथा उन्हें इसी प्रकार जनसेवा के पुनीत कार्य में लगे रहने के लिए प्रेरित किया। मीडिया से चर्चा के दौरान प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने कहा कि दिवंगत बच्चों के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार की प्राथमिकता है कि उपचाररत बच्चों को सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधा मिले। उपचार में होने वाला संपूर्ण व्यय शासन द्वारा उठाया जाएगा, साथ ही भविष्य में इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए सुदृढ़ व्यवस्था बनाई जाएगी। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज हुरमाड़े, सिविल सर्जन डॉ. जगदीश घोरे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## कोई गलत नजर से देखे या अनुचित टिप्पणी करे तो उसका करें विरोध: थाना प्रभारी

### अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर जागरूकता शिविर आयोजित




**बैतूल।** अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर प्रदीपन संस्था द्वारा पीएम श्री कन्या शाला माध्यमिक विद्यालय भैसदेही, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जुवाड़ी एवं शासकीय हाई सेकेंडरी स्कूल देयगुड़ में संयुक्त रूप से कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर लगभग 1200 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। संस्था प्रमुख श्रीमती रेखा गुजरे ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वर्ष 2012 से संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा बालिकाओं के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में भैसदेही थाना प्रभारी अंजना बाली एवं आरक्षक अंकिता शर्मा ने विशेष रूप से भाग लिया। थाना प्रभारी अंजना बाली ने बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि किसी को भी अपने साथ गलत व्यवहार या लालच का अवसर न दें। यदि कोई गलत नजर से देखे या अनुचित टिप्पणी करे तो उसका डटकर विरोध करें और तुरंत अपने माता-पिता या शिक्षकों को बताएं। विद्यालय प्राचार्य ललिता धोटे ने कहा कि बालिकाओं को अपनी शिक्षा और कैरियर पर ध्यान केंद्रित कर सशक्त बनना चाहिए।

### डांटने पर हंसिए से किए थे वार, परिवार ने बताया हादसा

## आईआईटी पासआउट बेटे ने की मां की हत्या



**बैतूल।** बोरदेही थाना क्षेत्र के मदनी बरछी गांव में शुक्रवार रात हुई एक महिला की मौत के मामले में रविवार को पुलिस ने खुलासा कर दिया है। शुरू में परिजनों ने इसे हादसा बताया। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि महिला की हत्या उसके ही बेटे ने की थी। आमला पुलिस ने आरोपी बेटे नितेश को गिरफ्तार कर लिया है। मृतका इमला झरबड़े (45) स्थानीय स्कूल शिक्षक संतोष झरबड़े की पत्नी थीं। परिवार ने पुलिस को बताया था कि वह घर में गिरने से घायल हुई थीं, लेकिन जब पुलिस मौके पर पहुंची तो घर के अंदर खून फैला हुआ था। महिला के गले, छाती और पीठ पर धारदार हथियार से किए गए वारों के निशान देखकर पुलिस को शक हुआ। थाना प्रभारी राधेश्याम वट्टी ने बताया कि मामले में संदेह होने पर फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया। विशेषज्ञ आबिद खान ने जांच के दौरान घर में खून के छींटे और संघर्ष के निशान मिलने की पुष्टि की। इसके बाद पुलिस ने परिजनों से सख्ती से पूछताछ की। पूछताछ में मृतका के बेटे नितेश झरबड़े ने हत्या की बात स्वीकार कर ली।

### कलेक्ट्रेट में सौंपा जाएगा ज्ञापन

## बिरसा मुंडा जयंती पर होगा राज्य स्तरीय आदिवासी महोत्सव

### सोनाघाटी से निकलेगी जयस की विशाल बाइक रैली



**बैतूल।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर को जिलेभर में हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर जय आदिवासी युवा शक्ति (जयस) द्वारा एक भव्य राज्य स्तरीय युवा आदिवासी महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन बैतूल के रानी दुर्गावती ऑडिटोरियम में 15 नवंबर को किया जाएगा, जिसके लिए तैयारियां युद्धस्तर पर जारी हैं। इसी को लेकर रविवार को जयस की जिला स्तरीय बैठक संपन्न हुई, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता जयस नगर अध्यक्ष राजू उइके ने की, वहीं बैठक में जयस जिलाध्यक्ष संदीप कुमार धुर्वे, जयस जिला सरंक्षक राजा धुर्वे तथा जयस जिला प्रभारी महेश शाह उइके ने मुख्य भूमिका निभाई। इस दौरान तय किया गया कि 15 नवंबर के रात्रिकालीन मुख्य कार्यक्रम से एक दिन पूर्व जयस द्वारा सोना घाटी से एक विशाल बाइक रैली निकाली जाएगी। यह रैली जिले के प्रमुख मार्गों सदर, कोठी बाजार होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचेगी, जहां विभिन्न जनहित मांगों को लेकर जयस द्वारा ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसके बाद यह रैली रानी दुर्गावती ऑडिटोरियम पहुंचेगी, जहां राज्य स्तरीय आदिवासी महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन होगा। जयस जिलाध्यक्ष संदीप कुमार धुर्वे ने बताया कि इस महोत्सव के दौरान आदिवासी वेशभूषा फैशन शो प्रतियोगिता, बिरसा मुंडा मेधावी छात्र प्रोत्साहन कार्यक्रम, और पारंपरिक आदिवासी लोक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। इस महोत्सव में 50 हजार से अधिक लोग शामिल होंगे, जिससे यह आयोजन जिले के इतिहास का सबसे भव्य आदिवासी सांस्कृतिक पर्व बन जाएगा। बैठक के अंत में आगामी तैयारियों की समीक्षा करते हुए निर्णय लिया गया कि अगली बैठक 19 अक्टूबर को आयोजित की जाएगी, जिसमें सभी ब्लॉकों से कार्यक्रम की तैयारियों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी। जयस के इस आयोजन को लेकर जिलेभर में उत्साह का माहौल है।

### रेलवे इंस्टीट्यूट के चुनाव आज

**आमला।** आज मध्य रेल आमला के रेलवे इंस्टीट्यूट में होने वाले चुनाव होने जा रहें हैं जिसको लेकर रेलवे कर्मचारियों में उत्साह और जागरूकता का माहौल है। इस अवसर पर नेशनल रेलवे मजदूर यूनियन ने सभी कर्मचारियों और मतदाताओं से अपील की है कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए संगठन को मजबूत बनाएं और संस्थान के समग्र विकास में योगदान दें। एनआरएमयू ने अपने घोषणा पत्र में कहा है कि एनआरएमयू बहुमत में आती है तो कर्मचारियों के लिए मनोरंजन, खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रम, महिला सदस्यों के लिए अलग और स्वच्छ सुविधाएं, फ्री वाई-फाई और समाचार-पत्र/पत्रिकाओं की उपलब्धता, नियमित योग, स्वास्थ्य और प्रोत्साहन कार्यक्रम, पारदर्शी प्रबंधन और जवाबदेही सुनिश्चित करते हुए कर्मचारियों के हितों हर संभव प्रयास करना करना है।

### प्रभारी मंत्री ने जिला अस्पताल में बच्चों को पिलाई पोलियो की दो बूंद

# 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलाए: प्रभारी मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने रविवार को जिला चिकित्सालय के महिला एवं बाल रोग इकाई में स्थापित पोलियो बूथ पर नवजात बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर राष्ट्रीय सघन पल्स-पोलियो अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपस्थित विधायक आमला डॉ योगेश पंडाग्रे, जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारियों ने भी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई।

प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने कहा कि भले ही भारतवर्ष पूरी तरह से पोलियो मुक्त हो चुका हैं, लेकिन भारत के आसपास के देशों में पोलियो का संक्रमण अभी भी जारी हैं। जिससे भारत में भी पोलियो के संक्रमण का खतरा बना रहता हैं। जिससे संपूर्ण सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान चलाया जा रहा हैं। जिसके लिए बैतूल जिले में 2018 पोलियों बूथ बनाएं गए हैं, जहां 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने कहा कि बैतूल 1 लाख 68 हजार 416 बच्चों को पोलियो की खुराक का अनुमानित लक्ष्य निर्धारित किया गया है । उन्होंने सभी पालकों से आग्रह किया कि अपने बच्चों को नजदीकी पोलियो बूथ पर ले जाकर पोलियो की दवा अवश्य पिलाए और अभियान को सफल बनाकर भारत वर्ष को पोलियो मुक्त बनाएं रखें। इस दौरान उन्होंने नवजात बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र भी उनकी माताओं को सौंपे।



### 12 से राष्ट्रीय पल्स-पोलियों अभियान की शुरूआत

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज कुमार हुरमाडे ने बताया कि राष्ट्रीय पल्स-पोलियों अभियान का शुभारंभ 12 अक्टूबर को जिला चिकित्सालय बैतूल के एमसीएच भवन में प्रातः 8 बजे किया गया है। सीएमएचओ डॉ हुरमाड़े ने जानकारी देते हुए कि प्रथम दिवस, बूथ पर एवं दूसरे एवं तीसरे दिन 13 और 14 अक्टूबर को घर-घर 0 से 5 वर्ष तक की आयु के बच्चों को पोलियो की खुराक दी जाएगी, जिले में 0 से 5 वर्ष तक के अनुमानित कुल 1 लाख 68 हजार 416 बच्चों को पोलियों की खुराक दी जाएगी। शहरी क्षेत्र में 226 एवं ग्रामीण क्षेत्र में 1683 कुल 1909, ट्रांजिट बूथ 29 एवं 6 मोबाइल टीम इस प्रकार कुल 2018 टीकाकरण बूथ बनाये गये हैं।

### क्रॉसिंग पाईंटों में 88 बूथ बनाकर पिलाई जायेगी दवाई

उन्होंने बताया कि बस स्टेण्ड, रेल्वे स्टेशन, जिले के क्रासिंग पाईंटों में 88 बूथ बनाकर दवा पिलाई जायेगी। साथ ही जिले में हाई रिस्क एरिया, ईंट भट्टे, निर्माण स्थल, मेले, झुग्गी-झोपडी, घुमक्कड़ आबादी स्थल को भी चिन्हित कर 21 मोबाइल टीमों के द्वारा पोलियो की दवा पिलाने का कार्य किया जाएगा। इसके लिए समस्त तैयारियां की जा चुकी हैं। आयोजित कार्यक्रम में सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. जगदीश घोरे, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश परिहार, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ प्रांजल उपाध्याय, संयुक्त कलेक्टर मकसूद अहमद, एसडीएम अभिजीत सिंह आदि उपस्थित रहे।

**संक्षेप खबर**

## शांतिपाठ के साथ हुआ श्रीरामलीला का विश्राम



**सेमरी हरचंद।** नगर में 140 वर्ष से भी अधिक स्थानीय नागरिकों द्वारा संचालित रामलीला का समापन शांतिपाठ हवन भंडारे के साथ हुआ इस अवसर पर राम दरबार लगाया गया राम दरबार की आरती समिति के अध्यक्ष मनमोहन अग्रवाल द्वारा की गई और हवन भंडारा प्रसादी वितरण पश्चात रामलीला का विश्राम हुआ।

## बच्चों को पिलाई गई दो बूंद जिंदगी की



**सेमरी हरचंद।** नगर में पल्स पोलियो अभियान का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सरपंच चेतन मीना ने नवजात शिशु को पोलियो की दवा पिलाकर पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया इस अवसर पर ओम प्रकाश पटेल मेंडिकल ऑफिसर डॉक्टर संदीप ओड, डॉ सुनील यादव डॉक्टर रेखा सुनहरे समेत अस्पताल का समस्त स्टाफ एवं धात्री माताएं उपस्थित रही।

## विधायक के जन्मदिन पर हुआ पौधरोपण

**पिपरिया।** विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 139 के विधायक ठाकुरदास



नागवंशी का 59वा जन्म दिन लगभग 59जगह मनाया गया सुबहसे ही उनके सहयोगियों ने निज निवास ,बाचावानी, बनखेड़ी विकासखंडके सैकड़ों लोगों ने खैरा खैरूआ ठूठादहलवाडा पुनौर खैरी कला सुरेला कला महलबाडा बांसखेड़ा सहित अन्य सैकड़ों गांवों में तथा पिपरिया नगर पालिका परिषद क्षेत्र में विधायक ठाकुरदास नागवंशी ने नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीतनागपाल महिलामोर्चा जिला महामंत्री ममता नागवंशी सविताराज पार्षदमुकेश खटीक सहित अनेक लोगों ने पौधे लगाए।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष में निकाला पथ संचलन, जनता ने की पुष्पवर्षा

# देशव्यापी स्वयं सेवक ही संघ की वास्तविक शक्ति हैं : जिला प्रचारक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

विजयादशमी पर्व की परंपरानुसार रविवार को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने सोहागपुर शहर में पथ संचलन निकाला। संघ के शताब्दी वर्ष में सोहागपुर शहरी क्षेत्र में संगठन का यह प्रथम संचलन था। जिसमें सैकड़ो स्वयंसेवक सम्मिलित हुए।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थानीय इकाई से प्राप्त जानकारी अनुसार रविवार दोपहर लगभग साढ़े तीन बजे शास्त्री वार्ड स्थित देनवा गार्डन में सभी स्वयंसेवक उपस्थित हुए। जहां महंत हरिकिशन दास बावड़ी वाला मंदिर एवं खंड कार्यवाह इंद्रकुमार पटेल की उपस्थिति में बौद्धिक प्रदाय कार्यक्रम हुआ। जिसमें जिला प्रचारक नरेंद्र मिश्रा ने अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गठन, महत्व एवं वर्तमान में आवश्यकता पर बात रखी। मिश्रा ने कहा कि देशव्यापी स्वयंसेवक ही संघ की वास्तविक शक्ति हैं। स्वयंसेवक जो स्व के लिए कुछ नहीं मांगता, अपितु मौन भाव के साथ मनुष्य, राष्ट्र एवं विश्व कल्याण भाव के साथ कार्य करता है। बौद्धिक उपरांत पथ संचलन शुरु हुआ। जो मारूपुरा, स्टेट हाईवे, रघुवंशीपुरा, पुराना अस्पताल मार्ग, बिहारी चौक, मातापुरा वार्ड, कमानिया गेट रोड,



किलापुरा रिपटा से होते हुए देर शाम पुनः देनवा गार्डन पहुंचा। जहां इसका समापन किया गया। पथ संचलन में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कार्यकर्ता व पदाधिकारी सम्मिलित हुए।

### नागरिकों ने अभिनंदन किया

सोहागपुर शहर में परंपरा है कि जब भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन निकलता है, तो स्वयं सेवकों पर पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया जाता है। रविवार को भी शहर में विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा कर संचलन में शामिल राष्ट्रीय संघ कार्यकर्ताओं का नागरिकों ने अभिनंदन किया। संचालन में सम्मिलित स्वयंसेवक है भारत की ललकार गीत का गायन करते हुए उत्साह से सम्मिलित हुए।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने निकाला, विशाल पथ संचलन



माखन नगर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर माखन नगर में विजयदशमी उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 केशव दास महाराज के मुख्य आतिथ्य में किया गया विगत एक सप्ताह खंड के अलग-अलग मंडल में पथ संचलन निकाला जा चुका है दोपहर के बाद मंगलवार बाजार रामलीला मैदान में खंड माखन नगर के स्वयंसेवक एकत्रित हुए जहां से विशाल पथ संचलन निकाला गया जो नगर मुख्य मार्ग मेन रोड शनिचरा बजार पिपरिया नर्मदापुरम मार्ग गायत्री कॉलोनी आवास कॉलोनी बागरा रोड होता हुआ वापस रामलीला मैदान पहुंचा पथ संचलन मे विधायक विजयपाल सिंह भी गणवेश में शामिल हुए स्वयंसेवकों का नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि आकाश तिवारी वेयरहाउस संगठन के अध्यक्ष बंटी आशीष साहू सेनानी परिवार के दीपक वर्मा, कुलदीप सिंह राजपूत, गोविंद खंडेलवाल, निखिल साहू, पांडा शर्मा, सज्जन मंडवाल, राजेश टावरी सहित भाजपा कार्यकर्ता ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया नगर के माखन चौक इंदौरी चौराहा नगर परिषद अध्यक्ष के प्रतिष्ठान सामने एवं अन्य जगह सामाजिक संगठन एवं धार्मिक संगठनों ने स्वागत किया।

## कदम ताल मिलाकर निकले स्वयंसेवक, देशसेवा की भावना से ओतप्रोत निकाला पथ संचलन

**सेमरी हरचंद।** राष्ट्रीय सयंसेवक संघ के कर्यकर्ताओं ने संघ शताब्दी वर्ष के अवसर पर नगर में पथ संचलन निकाला जिसमें सैकड़ो की संख्या में गणेशधारी स्वयंसेवकों ने कदम से कदम मिलाकर देश भक्ति गीतों, भगवा ध्वज लेकर निकले साप्ताहिक बाजार के सामने हाई स्कूल से पथ संचलन प्रारंभ होकर स्टेशन रोड भुवनेश्वरी मंदिर से होकर तिवारी कॉलोनी होते हुए खेड़ापति मंदिर से रामलीला मैदान से स्टेट हाईवे माखन नगर रोड से होकर वापस शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक स्कूल पहुंचा पथ संचलन में चल रहे स्वयंसेवकों का ग्राम वासियों ने अनेक स्थानों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य मैं संघ के स्वयंसेवकों ने नगर में पथ संचलन किया जिसमें लगभग 500 गणेश धारी स्वयंसेवकों ने भागवत ध्वज के साथ हाथ में दंड लिए कदम से कदम मिला कर नगर का भ्रमण किया।

संघ शताब्दी वर्ष में पथ संचलन के आयोजन में मंच पर मुख्य अतिथि लेखराम



कुशवाहा ,खंड संघचालक संदीप महेश्वरी एवं मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित सतीश चौकसे ने अपने उद्बोधन में संघ के 100 वर्ष की यात्रा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 27 अक्टूबर 1925 को संघ के संस्थापक डॉ केशव बलिराम हेडगेवार ने अंग्रेजों के शासनकाल की विषम परिस्थितियों में हिंदू समाज कि भविष्य में स्थिति का आकलन कर समाज को संगठित करनेका निश्चय किया और संघ की शाखा प्रारंभ होकर शाखा मे राष्ट्रभक्ति के साथ खेल योग व्यायाम के माध्यम से व्यक्ति निर्माण का कार्य प्रारंभ हुआ न केवल भारत देश अपितु विश्व के अनेक देशों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्वीकार्यता बढ़ी और वर्तमान समय में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आज विश्व का सबसे बड़ा सामाजिक संगठन है, उन्होंने बताया कि संघ की एक घंटे लगने वाली शाखा से व्यक्ति का चारित्रिक शारीरिक मानसिक और बौद्धिक विकास होता है।

उन्होंने बताया कि संघ को अनेक बार कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है महात्मा गांधी की के समय,1975 में तात्कालिक प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा लगए गए आपातकाल में अनेकों स्वयंसेवकों को जेल जाना पड़ा कठिन परिस्थितियों में भी संघ कार्य कभी रुका नहीं बल्कि विषम परिस्थितियों मे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और अधिक मजबूत होकर उभरा है और विश्व पटल पर अपनी अमिट पहचान बनाई है।

अपने उद्बोधन में भारत को विश्व गुरु बनने के मार्ग को प्रशस्त बनाने के लिए संघ ने समाज में पंच परिवर्तन का आह्वान किया है। संघ लंबे समय से परिवारों को मजबूत बनाने के लिए एवं पारिवारिक मूल्यों को बढ़ाने का काम कर रहा है इसमें परिवार के विघटन को रोकनें के लिए कुटुंब प्रबोधन को समाज व्यापी बनाना होगा। पेड़ पौधे नदियां पर्वत और समुद्र मिलकर पृथ्वी का तापमान नियंत्रित करते हैं, पर्यावरण संरक्षण से जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग जैसी समस्याओं से बचा जा सकता है। सामाजिक समरसता को एक ऐसी प्रक्रिया के रूप में परिभाषित किया गया है जहां विशेष समाज के लोगो को जातीयता के आधार पर भेदभाव किए बिना समाज में अंगीकार कर उनसे आत्मीयता रखना।

## नपाध्यक्ष ने किया वार्डों में विकास कार्यों का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पंकज चौरे ने शहर के विभिन्न वार्डों में चल रहे निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया और विकास कार्यों में गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के सख्त निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान, कई स्थानों पर अतिक्रमण हटने के बाद सड़कों की चौड़ाई बढने से स्थानीय निवासियों में खुशी का माहौल है। श्री चौरे ने वार्ड क्रमांक 15, 16, 19, 22 और 33 में चल रहे कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान पार्षद राहुल प्रधान, पार्षद प्रतिनिधि रमेश धूरिया भी उनके साथ रहे।

### चौरे के विकास मॉडल की झलक

निरीक्षण के दौरान यह सामने आया कि अध्यक्ष चौरे के प्रयासों से कई संकरी गलियां अब खुली सड़कों में बदल रही हैं।

वार्ड 16 में रोड निर्माण कार्य के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि अतिक्रमण हटाए जाने के बाद 8 फीट चौड़ी सड़क अब 17 फीट चौड़ी हो गई है। वार्ड 19 में इसी तरह, नाली निर्माण कार्य के निरीक्षण में सामने आया कि अतिक्रमण हटने के बाद 8 फीट की रोड की चौड़ाई बढ़कर 18 फीट हो गई है। इन उदाहरणों से स्पष्ट है कि श्री चौरे केवल निर्माण कार्यों पर ध्यान केंद्रित नहीं कर रहे हैं, बल्कि शहर के बुनियादी ढांचे को अतिक्रमण मुक्त करके उसकी क्षमता बढ़ाने की दूरगामी सोच रखते हैं।

### अमृत योजना का कार्य और नागरिक संवाद

वार्ड क्रमांक 33 में, श्री चौरे ने अमृत योजना के तहत बन रहे पार्क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान वार्डवासियों ने उनसे मुलाकात की और वार्ड में स्थित नाले पर सुरक्षा के लिए रैलिंग लगाने का अनुरोध किया। श्री चौरे ने तुरंत वार्ड वासियों को यह कार्य जल्द से जल्द कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान पार्षद प्रतिनिधि रमेश धूरिया, कृष्णकांत शर्मा, आशीष परदेशी, शंकर राव, रंजीत सिंह, मदन अमरोही, राहुल खरे, दिनेश चौहान, सुनील मालवीय और अजय सिंह सहित अन्य वार्डवासी साथ रहे।

### अन्य प्रमुख निरीक्षण

वार्ड 15 में जिम वाली गली में चल रहे 130 मीटर सीसी रोड निर्माण कार्य की गुणवत्ता का निरीक्षण किया गया।

वार्ड 22 में हाजी मंजिल क्षेत्र में डॉ. दयाल के निवास से जमानी वालों की चाल तक चल रहे नाली निर्माण कार्य को देखा।

इस दौरान वार्ड पार्षद एवं सभापति श्रीमती गीता देवेंद्र पटेल भी उपस्थित रहीं। श्री चौरे ने विधायक निधि से चल रहे सीसी रोड निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के उपरांत, वार्ड वासियों ने अध्यक्ष को चल रहे विकास कार्यों के लिए धन्यवाद दिया। नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने सभी अधिकारियों और ठेकेदारों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और विकास कार्य समय-सीमा में पूरे किए जाएं। उनकी यह कार्यशैली यह दर्शाती है कि उनका लक्ष्य इटारसी को न केवल सुंदर, बल्कि सुव्यवस्थित और आधुनिक शहर बनाना है।

## राजमाता विजयाराजे सिंधिया जयंती पर सिवनी मालवा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया माल्यार्पण

**सिवनी मालवा।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल सिवनी मालवा द्वारा आज नया बस स्टैंड पर राजमाता विजयाराजे सिंधिया जी की जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष श्रीमती प्रीति पवन शुक्ला, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संतोष पारीक, नगर मंडल अध्यक्ष नीरज तिवारी, नगर महामंत्री अतुल बकोरिया, ऋषिकांत पटवा, तुषार लोवंशी, राजेश बाथव माखन लोवंशी, मनोज कपिल, चंद्रकांत पैंटी कुशवाह, नरेश जायसवाल, मयंक राठौर अशोक धाकड़ आदि शामिल रहे।

## 10436 बच्चों को पिलाई पोलियो की दवा, शेष को आज पिलाई जाएगी दो बूंद जिंदगी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माखननगर

रविवार को विकासखंड माखन नगर में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ ठाकुर विजयपाल सिंह द्वारा किया गया, विकासखंड अंतर्गत अभियान की सफलता हेतु 164 बूथ तथा 4 ट्रांजिस्ट एवं दो मोबाइल टीम लगाई गई है,जिसमें प्रथम दिवस लगभग 54 सी टाइप बूथों पर शत-प्रतिशत बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जावेगी तथा शेष 110 बी टाइप बूथों पर अगले कार्य दिवस बच्चों को घर घर जाकर दवाई पिलवाई जावेगी अभियान के दौरान लगभग 14967 बच्चों को पोलियों खुराक पिलाई जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है,अभियान की सफलता हेतु बूथ



पर लगभग 340 कर्मचारी एवं 25 सुपरवाइजर के साथ ही 10 चिकित्सा अधिकारियों के दल लगाए गए हैं। रविवार को कार्य समाप्ति तक लगभग 10436 बच्चों को पोलियो खुराक पिलवाई जा चुकी थी,शेष बच्चों को 13 अक्टूबर 2025 को दवाई पिलाई जावेगी,शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान रीना आकाश तिवारी अध्यक्ष नगर परिषद माखन नगर, मनीष चतुर्वेदी मंडल अध्यक्ष, नीलेश चतुर्वेदी के साथ ही खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कल्याणी यादव, खंड विस्तार प्रशिक्षक भीमसिंह यादव, सुनील परनामे बीसीएम एवं समस्त स्थानीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## शुरू हो गया तीन दिवसीय पोलियो उन्मूलन अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर



रविवार को पल्स पोलियो उन्मूलन का राष्ट्रीय स्तर पर शुभारंभ हुआ। जिसमें पांच वर्षीय आयु के बच्चों को पोलियो दवा पिलाई जाएगी। सोहागपुर बीएमओ डॉ. रेखा सिंह गौर ने बताया कि ब्लॉक के समस्त पोलियो बूथों पर अभियान शुरू किया गया है। डॉ रेखा सिंह गौर ने बताया कि पांच वर्ष तक की आयु के बच्चों को पोलियो की दवा की खुराक दी गई है तथा पोलियो उन्मूलन अभियान सफल रूप से संचालित हो, इसके लिए विभिन्न निगरानी दल गठित किए गए हैं। इन सभी निगरानी दलों ने अपने दायित्व को दिनभर निभाया व पोलियो बूथों की जांच की। इससे पहले नगर के सरकारी अस्पताल में नपाध्यक्ष लता पटेल, उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, अध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल व अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में रविवार सुबह पल्स पोलियो उन्मूलन अभियान का उद्घाटन किया गया। बीएमओ डॉ. रेखा सिंह गौर ने बताया कि तीन दिवस तक यह अभियान चलेगा जिसमें उद्घाटन दिवस पर दवा पीने से वंचित रह गए पांच वर्ष आयु तक के बच्चों को दूसरे तथा तृतीय दिवस घर-घर जाकर दवा पिलाई जाएगी।

## पंचायतों में हितग्राहियों को नहीं मिल रहा पीएम आवास योजना का लाभ, हो रहे वंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया

जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत पिसुआके विंडाखेडा के निवासी लोगो को आवास का लाभ आज भी नहीं दिया गया है। जबकि इन लोगों ने बताया कि उन्हें लंबे समय से पहले आवेदन दिया गया है। अंत्योदय अन्न दान योजना में शामिल हुए लोगो को लाभान्वित नहीं किया गया है। हितग्राही श्याम संतोष पिता धरमू का पीला राशनकार्ड जारी किए गए थे। यह सभी यादव परिवार जनों ने बताया कि उन्हें अभीजानकारी नहीं है कि इस बार भी योजना का लाभ नहीं दिया गया है। शम्भू लाल पिता हरिकिशन यादव विंडाखेडा को भी आवासीय योजना में शामिल नहीं



किया गया है। लोगों का कहना है अनेकानेक विषयों पर चर्चा करते हैं पर फिर भी कोई कार्यवाही नहीं हुई है।जो लोग अभी कम समय में आकर बसे हुए हैं। उन्होंने योजना का लाभ उठा लिया है। पंचायत में आज तक नवीनतम सूची में भी नाम नहीं लिया गया है।नल-जल योजना में बताया गया कि जब कोई अधिकारी आते हैं तो नल चालू कर दिया जाता है।शेष दिन नल बंद कर दिया गया है। लोगों को कोईसुविधा नहीं दी जा रही है।इस बारे में पंचायत सचिव अमीर सिंह एवं सरपंच से चर्चा करनी चाही तो मोबाइल बंद बताया गया।इस तरह से आदिवासी समुदाय के ग्राम पंचायत में लोगों को कोईसुविधा नहीं दी जा रही है।

### मानस लीग चैम्पियंस का पुरस्कार वितरण

## जिस देश के हाथ में रामायण हो वह देश कभी पराजित नहीं हो सकता: विधायक डॉ शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

ऋषिकुल गुरुकुल नर्मदापुरम के द्वारा आयोजित मानस लीग चैम्पियंस के पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने कहा कि जिस देश के हाथ मे रामायण हो उसे कोई पराजित नही कर सकता।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चोरे ने मानस लीग प्रतियोगिता को सनातन संस्क्रति के लिए महत्वपूर्ण बताया। संयोजक वैभव शर्मा ने मानस लीग के 9 वर्षो की यात्रा का व्रतांत बताया। कार्यक्रम का संचालन भूपेंद्र विश्वकर्मा ने किया। अतिथियों ने पुरुस्कार वितरित



किये। जिसमे प्रज्ञान स्कूल के छात्र आयुष्मान शर्मा एवं आशुतोष शर्मा सरस्वती स्कूल के प्रिंस कुमार प्रत्येक को प्रमाण पत्र, रामचरितमानस एवं तीन हजार पांच सौ रुपये की राशि दी । इसी तरह प्रज्ञान स्कूल की कुमारी प्रिया शर्मा एवं गुरु नानक स्कूल की कनकेश्वरी दुबे द्वितीय स्थान पर रही है इनमें से प्रत्येक को पच्चीस सो रुपये प्रमाण पत्र एवं श्री रामचरितमानस प्रदान की। एकलव्य स्कूल की कु गोरी राजावत एवं नालंदा स्कूल के श्रील ठाकुर तृतीय स्थान पर रहे। सभी को प्रमाण पत्र के साथ श्री रामचरितमानस एवं प्रत्येक को एक हजार रुपये की राशि प्रदान की।

धमाकेदार मौका! इटारसी अब बनेगा प्रदेश में 'व्यापार की राजधानी'

## मध्य प्रदेश का सबसे बड़ा 'सिटी सेंटर' कॉमर्शियल हब, निवेश पर मिलेगा गारंटीड बंपर रिटर्न


हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

रेलवे जंक्शन के रूप में अब तक अपनी पहचान बनाने वाला इटारसी शहर, अब एक ऐतिहासिक व्यापारिक क्रांति की दहलीज पर खड़ा है, शहर के केंद्र में, रेलवे स्टेशन के करीब, एक भव्य और अत्याधुनिक 'सिटी सेंटर' कॉमर्शियल हब का निर्माण तेजी से जारी है। यह केवल एक इमारत नहीं, बल्कि प्रदेश का सबसे बड़ा और आधुनिक व्यावसायिक केंद्र बनने जा रहा है, जो इटारसी और आस-पास के क्षेत्रों के लिए गेम चेंजर साबित होगा।

### विश्व-स्तरीय डिज़ाइन और प्राइम लोकेशन

यह 'सिटी सेंटर' किसी भी साधारण कॉम्प्लेक्स से बहुत ऊपर है।

दिल्ली के कनॉट प्लेस की तर्ज पर डिज़ाइनः इसका लेआउट इस तरह से तैयार किया गया है कि हर दुकान को अधिकतम विजिबिलिटी (दृश्यता) मिले, जिससे ग्राहकों



को आकर्षित करना आसान हो जाए।

**प्रीमियम इंफ्रास्ट्रक्चरः** यह शानदार G+2 ग्लास बिल्डिंग, 40 फीट चौड़ी सड़क और विशाल पार्किंग की सुविधा के साथ एक विश्वस्तरीय व्यावसायिक अनुभव प्रदान करता है। यह बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर ग्राहकों की भारी भीड़ को सुनिश्चित करेगा।

**अद्वितीय केंद्रीय स्थितिः** शहर के बीचों-बीच और रेलवे स्टेशन के पास होने के कारण, इसकी लोकेशन ग्राहकों की निरंतर आवाजाही के लिए एकदम आदर्श है।

### क्यों है यह 'गोल्डन' अवसर?

यह 'सिटी सेंटर' सिर्फ एक दुकान नहीं, बल्कि एक सुनहरे भविष्य का प्रवेश द्वार है क्योंकि.. बड़ा आवासीय और शहरी विकासः आसपास की घनी आबादी से ग्राहकों की निरंतर आमद सुनिश्चित होगी।

**सर्वोत्तम रेंटल इनकमः** आधुनिक सुविधाएँ और प्राइम लोकेशन, पारंपरिक बाजारों की तुलना में बेहतर किराए की गारंटी देते हैं।

**तेजी से बढ़ता कॉमर्शियल हबः** इटारसी की केंद्रीय भौगोलिक स्थिति और तेजी से हो रहे विकास से व्यावसायिक ग्रोथ की अपार संभावनाएं।

**शून्य प्रतिस्पर्धाः** प्रदेश में ऐसा अत्याधुनिक और भव्य कॉमर्शियल हब कहीं और नहीं है, जो आपको बाजार में बढ़त देगा।

### अवसर जो बार बार नहीं आता

पारंपरिक बाजारों की सीमित सुविधाओं को भूल जाइए। 'सिटी सेंटर' भविष्य की व्यावसायिक ज़रूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। इसमें निवेश करना, इटारसी के नए व्यापारिक अध्याय में हिस्सेदारी लेना है, जहां आपका व्यवसाय दिन-रात तरक्की करेगा। यह दूरदर्शी निवेशक बनने का और अपनी व्यावसायिक पहचान को एक नई ऊँचाई देने का सबसे सही समय है। धमाकेदार रिटर्न और एक स्थायी व्यवसाय की नींव डालने का यह 'एक बार' मिलने वाला अवसर हाथ से जाने न दें!

## खबर संक्षेप



### पत्रकार से बदसलूकी आरोपी पर कार्रवाई की मांग

**हरदा।** मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के सदस्यों ने शनिवार को एसपी शशांक को ज्ञापन सौंपा। इसमें संघ के सदस्यों ने पत्रकार के साथ बदसलूकी करने वाले आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। संघ के अध्यक्ष जफर अंशारी, महासचिव अखिलेश बिल्लोरे ने एसपी को ज्ञापन सौंपते हुए शिकायत की शुक्रवार को छीपानेर रोड स्थित मां शारदा स्कूल में पटेल कृषि सेवा केंद्र से जुड़े लोगों ने पत्रकार कपिल शर्मा के साथ अभद्रता करते हुए मोबाइल छीन लिया था। मामले में जांच कर सभी दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। ताकि सभी निर्भीक होकर अपना कार्य कर सकें। इस दौरान पत्रकार स्वदेश गंगवाल, पवन तिवारी, प्रवीण सिंह तंवर, लोमेश गौर, रोहित तिवारी, शैलेन्द्र शुक्ला, अर्जुन देवड़ा, कपिल शर्मा, आनंद गौर, प्रशांत शर्मा, मोहन गुर्जर, अतुल मालवीय, राकेश खरका, ब्रजेश पाटिल, मोहम्मद मुश्तफा, सलीम शाह, शेख अफरोज, नारायण नामदेव, मुईन अख्तर, कपिल घाटे, मनीष पवार समेत अन्य ने ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की।

### प्राचार्य ने अतिथि विद्वान को हटाया फिर आदेश किया निरस्त

**हरदा।** बीजेपी जिला महामंत्री बसंत राजपूत शासकीय विवेकानंद कॉलेज में अतिथि विद्वान के रूप में सेवाएं देंगे या नहीं? इसको लेकर शनिवार को नाटकीय घटनाक्रम चलता रहा। दरअसल, एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर भाजपा नेता बसंत राजपूत को कॉलेज से हटाने की मांग की। आरोप लगाया कि बसंत भाजपा में महत्वपूर्ण पद पर रहते हुए कॉलेज में हिंदी के प्राध्यापक के रूप में पढ़ा रहे हैं, जो कि अनुचित है। इससे पहले 24 सितंबर को भी इसी मांग को लेकर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने कॉलेज प्राचार्य के कक्ष के सामने प्रदर्शन किया था। इस प्रदर्शन के बाद कॉलेज प्राचार्य डॉ. संगीता बिले ने 11 अक्टूबर से बसंत राजपूत का आमंत्रण निरस्त कर दिया। पत्र में कारण लिखा कि जनभागीदारी रजिस्टर की कंडिका 9 में उल्लेख है कि किसी राजनीतिक दल के व्यक्ति को नियुक्त नहीं किया जा सकता। हालांकि, कुछ ही घंटों बाद इस कार्रवाई को निरस्त कर दिया गया। बाद वाली कार्रवाई क्यों की गई इसका जवाब जानने के लिए प्राचार्य संगीता बिले को 3 बार कॉल किया, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने श्योपुर जिले में आयोजित कार्यक्रम में खातों में राशि अंतरित की

# जिले की 93494 लाड़ली बहनों के खाते में आए 11.38 करोड़ रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को श्योपुर जिले में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजनान्तर्गत प्रदेश की 1.26 करोड़ से अधिक लाड़ली बहनों के खाते में 29वीं किश्त के 1541 करोड़ से अधिक राशि का सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरण किया। इस अवसर पर हरदा में जिला स्तरीय कार्यक्रम कलेक्टर कार्यालय के एनआईसी कक्ष में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारी व लाड़ली बहनाएं उपस्थित थी। इस दौरान राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी देखा गया। इसके अलावा तहसील व पंचायत स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित किये गये। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पेटलावद में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में जिले की 93494 महिलाओं के बैंक खातों में 11.38 करोड़ रूपये की राशि अंतरित की। इस दौरान जनपद पंचायत हरदा की 23739, जनपद पंचायत खिरकिया की 22945, जनपद पंचायत टिमरनी की 25943, नगर पालिका हरदा की 11682, नगर परिषद खिरकिया की 3552, नगर परिषद सिराली की 2288 तथा नगर परिषद टिमरनी की 3345 लाड़ली बहनों के खाते में राशि अंतरित की गई।

चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री ने किया जिला अस्पताल का निरीक्षण

# डॉक्टरों की निर्धारित समय पर नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाएः पटेल



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

जिला अस्पताल में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने शनिवार को निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। मंत्री पटेल ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि अस्पताल में कर्मचारियों और डॉक्टरों की निर्धारित समय पर नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सीसीटीवी कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया और पब्लिक एनाउंसिंग सिस्टम को हमेशा चालू रखने के निर्देश दिए, ताकि कोई भी सूचना तत्काल अस्पताल परिसर में पहुंचाई जा सके। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि जिला अस्पताल के रिसेप्शन सेंटर पर हमेशा कर्मचारी तैनात रहें, ताकि मरीजों और उनके परिजनों को उचित मार्गदर्शन मिल सके। राज्यमंत्री पटेल ने अस्पताल परिसर में स्थित पैथोलॉजी, नया ऑपरेशन थिएटर, प्रसूति गृह, आईसीयू वार्ड और ओपीडी कक्ष का भी गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय पूर्व विधायक टिमरनी संजय शाह, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एचपी. सिंह सहित अन्य डॉक्टर और कर्मचारी मौजूद थे।

### गुणवत्तापूर्ण चाय नाश्ता और भोजन उपलब्ध कराया जाए

उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि अस्पताल में भर्ती मरीजों को निर्धारित समय पर गुणवत्तापूर्ण चाय, नाश्ता और भोजन उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने भर्ती मरीजों के परिजनों से भी बातचीत कर भोजन की उपलब्धता और गुणवत्ता के संबंध में जानकारी ली। मंत्री पटेल ने अस्पताल की साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि वे अस्पताल स्टाफ के साथ अच्छा व्यवहार करें और स्टाफ को भी नागरिकों के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार करने के निर्देश दिए।

उपहार देकर सम्मानित किया

## समता महिला मंडल के तत्वावधान में लगा शिविर, 72 यूनिट रक्तदान



हरिभूमि न्यूज ⏭ खिरकिया

आचार्य प्रवर नानालाल के 26वें पुण्य स्मृति दिवस एवं व्यसनमुक्ति प्रणेता,वर्तमान आचार्य प्रवर रामलाल के आचार्य पदारोहण दिवस के उपलक्ष्य में प्रतिवर्षानुसार रविवार को 10:30 से 4 बजे तक सामुदायिक स्वास्थ केंद्र खिरकिया में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया मानव सेवा - माधव सेवा के इस प्रकल्प में 14 महिलाओं एवं 58 पुरुषों सहित कुल 72 यूनिट रक्तदान रक्तदाताओं द्वारा किया गया। इस अवसर पर सभी रक्तवीरो का समता महिला मंडल द्वारा उपहार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही कांग्रेस के प्रदेश सचिव एवं पूर्व जिला अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण पवार हरदा ने रक्तदान कर अपने उद्बोधन में कहा कि मानव जाति से कर्म से महान बनता है समता महिला मंडल की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि आज के व्यस्तम समय में भी जन मानस के लिए परोपकार की भावना से किया गया यह कार्य अनुकरणीय व प्रेरणीय है समता महिला मंडल द्वारा लक्ष्मीनारायण पवार का सम्मान किया गया आपने भी रक्तदान किया। वरिष्ठ पत्रकार सुनील जैन ने कहा कि समता महिला मंडल सामाजिक धार्मिक कार्यों में सदैव अग्रणी रहती है रक्तदान महादान है । इस अवसर पर पधारे अतिथियों ,रक्तवीरो सहित प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष सेवाएं प्रदान करने वाले सभी का आभार आशीष समदड़िया द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में सीबीएमओ डॉक्टर शैलेन्द्र ओरिया,डॉक्टर आर के विश्वकर्मा एवं अस्पताल स्टाफ एवं ब्लड बैंक हरदा के सेवाधारियों की सेवाएं अनमोल रही। समता महिला मंडल की अध्यक्ष स्मिता रांका ,मंत्री पायल भंडारी,कोषाध्यक्ष प्रियंका भंडारी ने सहयोग देने ने धन्यवाद कहते हुए कहा आगे भी आपका ऐसा ही मार्गदर्शन मिलता रहे।

## विवेक को नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट संघ के चेयरमैन पद पर निर्विरोध चुना



**हरदा।** नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट संघ की रविवार को साधारण सभा की बैठक आयोजित की गई। इसमें जिला क्रिकेट संघ का अध्यक्ष विवेक अग्रवाल (रिक्की सेठ) को नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट संघ के चेयरमैन पद पर निर्विरोध चुना गया। विवेक अग्रवाल नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट संघ के चेयरमैन बने है मानसेवी सचिव हेमंत गोस्वामी ने बताया कि विवेक अग्रवाल खिलाड़ियों के हितों में लगातार काम करते रहे हैं। उनके प्रयासों के कारण ही उन्हें सर्वसम्मति से चेयरमैन चुना गया है। सभी सदस्यों ने अग्रवाल को बधाई दी और उनके निर्वाचन पर हर्ष व्यक्त किया। उनके चेयरमैन बनने से जिले के क्रिकेट प्रेमियों में खुशी का माहौल है। मानसेवी सचिव हेमंत गोस्वामी ने बताया कि जलसा गार्डन नर्मदापुरम में एमपीसीए के पर्यवेक्षक कन्मडीकर के निर्देशन में निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न हुई।

## खाद्य पदार्थो को जांच की गई



**हरदा।** रविवार को खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा हरदा जिले में किराने दुकान, रेस्टोरेंट एवं मिठाई दुकान प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेन्द्र कांबले ने बताया कि निरीक्षण के दौरान आलमपुर में कस्तूरी डेयरी फॉर्म से मावा व पनीर, राठौर किराना सोडलपुर से चावल, दाल व मसाले, निशा स्वीट्स से पेड़ा व बर्फी, हनुमान किराना से चना दाल, तुअर दाल, मूंग दाल, जीरे व काली मिर्च तथा श्री कृष्णा स्वीट्स से पेड़ा व बर्फी खाद्य पदार्थों के सैंपल लेकर चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला में जांच की गई। इसके पश्चात कस्तूरी डेयरी फॉर्म आलमपुर से मावा तथा होटल बागवान हरदा से दाल, चावल, तथा पनीर की सब्जी के सैंपल लिए गए। श्री कांबले ने बताया कि इन नमूनों को खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजे जाएंगे तथा रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की जाएगी। यह कार्यवाही आगामी त्यौहार दीपावली के उपलक्ष्य में की जा रही है। कार्यवाही के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेंद्र कांबले, केमिस्ट हेमंत कीर के साथ अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

श्री आघगौड ब्राह्मण समाज के चुनाव

## बंसत फिर अध्यक्ष, दीपक सचिव बने



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

श्री आघगौड ब्राह्मण समाज हरदा की बैठक रविवार को दिनेश प्रकाश शर्मा की अध्यक्षता में समाज की धर्मशाला में आयोजित की गई। जिसमें समाज में अनेक प्रस्ताव पारित किए गए। नए पदाधिकारी का बैठक में चयन किया गया। जिसमें बसंत कुमार पाराशर को पुनः अध्यक्ष बनाया गया। श्री पाराशर ने त्यागपत्र देने की पेशकश की, लेकिन समाज के सदस्यों ने फिर से उन्हीं को अध्यक्ष पद पर पदासीन रखा गया। इसके साथ ही उपाध्यक्ष पद पर केशव प्रसाद उपाध्याय, सचिव पद पर दीपक चतुर्वेदी एवं कोषाध्यक्ष पद पर मधुसूदन चौबे का चयन किया गया। कार्यकारिणी सदस्य हेतु पवन तिवारी एवं पंडित अरविंद शर्मा का चयन सर्वसम्मति से किया गया। समाज के सदस्यों ने नवगठित पदाधिकारियों को बधाई दी गई। साथ ही समाज में कार्य करने एवं अपना योगदान देने का आग्रह किया। समाज के सदस्यों द्वारा भी पदाधिकारी को अपना पूर्ण सहयोग देने का बचन दिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय भी लिया गया कि समाज की चल अचल संपत्ति में नाम दर्ज कराने हेतु विधिगत करवाई की जावे। इसके साथ ही बीते दिनों ग्राम विक्रमपुर खुर्द में गठित समिति को अमान्य घोषित किया गया। कहा गया कि संवैधानिक और मनमाने तरीके से सदस्यों को बिना सूचना दिए एवं बिना किसी एजेंडा का अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी कार्य चुनाव हुआ है। वह सदस्यों को मान्य नहीं है एवं भविष्य में सभी समाज की बैठक आघगौड ब्राह्मण समाज हरदा की धर्मशाला में आयोजित की जाने का निर्णय लिया गया।

पंडित दीनदयाल जयंती पखवाड़ा, स्वदेशी जागरूकता अभियान

## मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम कक्षाओं का शुभारंभ




हरिभूमि न्यूज ⏭ खंडवा

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम की शालाओं का शुभारंभ रविवार, 12 अक्टूबर को पीएम श्री एक्सीलेंस नीलकंठेश्वर महाविद्यालय में किया गया। इसी के साथ पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती पखवाड़ा और स्वदेशी जागरूक अभियान का भी आगाज हुआ। कार्यक्रम के दौरान जिला समन्वयक जगदीश पटेल ने विद्यार्थियों को पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन और उनके विचारों से अवगत कराया। उन्होंने सीएमसीएलडीपी पाठ्यक्रम की संरचना और उसके उद्देश्यों की जानकारी भी दी। मुख्य अतिथि बाल कल्याण समिति अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने भारत माता की जय, जय स्वदेशी, दूध दही थाली में, कोका कोला नाली में जैसे नारों के साथ विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग के लाभ बताते हुए सभी को स्वदेशी अपनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही वाट्सएप के स्थान पर स्वदेशी एप अरटाई के उपयोग का सुझाव दिया। सामाजिक कार्यकर्ता राजीव मालवीय ने अपने संबोधन में कहा कि हमें दीनदयाल उपाध्याय से प्रेरणा लेकर अपने देश के उत्पादों को ही प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने सभी से अपील की कि किसी भी वस्तु को खरीदने से पहले उसकी जांच-पड़ताल करें और जब भी बाजार जाएं, सामान स्वदेशी ही लाएं। कार्यक्रम में राहुल राठवे, कल्पना जायसवाल, नारायण फरकले, मनीष गुप्ता, विवेक सारसर सहित बीएसडब्ल्यू और एमएसडब्ल्यू के विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण के साथ हुआ। संचालन आशीष पटेल ने किया और आभार दिलावर सोनरिश ने माना।

ग्रामवासियों के सहयोग से श्रमदान

## जन अभियान परिषद के कार्यकर्ताओं ने जल संरक्षण के लिए बोरी बंधान बनाया



**खंडवा।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड पुनासा की नवांकुर संस्था ग्राम विकास समिति चिकटीखाल और ग्राम पंचायत ने ग्रामवासियों के सहयोग से श्रमदान कर गांव के पास आम वाले नाले पर 50 बोरियों की बोरी बंधान संरचना का निर्माण किया। जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक जगदीश पटेल ने बताया कि इस बोरी बंधान से पशुओं को पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी मिलेगा, साथ ही आसपास के किसानों को सिंचाई के लिए भी भरपूर पानी उपलब्ध रहेगा। उन्होंने बताया कि नवांकुर संस्था और प्रस्फुटन समितियों द्वारा स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से श्रमदान कर गांव के छोटे-बड़े नालों पर बोरी बंधान बनाए जा रहे हैं। इसके अलावा विकासखंड पंधाना की ग्राम पंचायत बिलूद के सेक्टर 1 में भी 110 बोरियों से बोरी बंधान संरचना निर्मित की गई। इस कार्य में प्रस्फुटन समिति के सचिव गजान्द भास्करे, ग्राम पंचायत सचिव जालम सिंह और सहायक सचिव मनिश राठौड़ का उल्लेखनीय योगदान रहा।

### ओंकारेश्वर में नर्मदा स्नान के दौरान नंदुरबार की नर्स की डूबने से मौत

खंडवा। ओंकारेश्वर में शनिवार दोपहर नर्मदा स्नान के दौरान दर्दनाक हादसा हो गया। तेज बहाव में दो लोग बह गए, जिनमें से एक को बचा लिया गया जबकि महिला की डूबने से मौत हो गई। मृतक महिला महाराष्ट्र के नंदुरबार जिले की रहने वाली थी और एक निजी अस्पताल में नर्स के रूप में कार्यरत थी। मांधाता पुलिस के अनुसार, मृतका की पहचान पूनम पति हेमप्रताप राजपूत (34) निवासी नंदुरबार के रूप में हुई है। पूनम अपने मुंहबोले भाई भागवत दिवाकर (29) और उसके दोस्तों के साथ ओंकारेश्वर आई थी। समूह उज्जैन में महाकाल दर्शन के बाद इंदौर होते हुए ओंकारेश्वर पहुंचा था, धामनोद से होकर महाराष्ट्र लौटने की योजना थी। शनिवार सुबह लगभग 10 बजे वे ओंकारेश्वर पहुंचे। दोपहर करीब साढ़े 12 बजे सभी अभय घाट पर नर्मदा स्नान के लिए गए।

पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत की

## मंत्री डॉ. शाह ने खालवा अस्पताल में बच्चों को पिलाई दो बूंद जिंदगी की



### दवा पिलाने का कार्य सराहनीय

डॉ. शाह ने कहा कि पोलियो जैसी बीमारियों से बचाव केवल सामूहिक प्रयासों से ही संभव है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की टीमों को सराहते हुए कहा कि ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुंचकर हर बच्चे को दवा पिलाने का कार्य अत्यंत सराहनीय है। खालवा में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान वातावरण उत्साहपूर्ण रहा। माता-पिता अपने बच्चों को गोद में लेकर पोलियो की बूंदें पिलाने पहुंचे और अभियान को सफल बनाने में सक्रिय रूप से भागीदारी निभाई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ खंडवा

जनजातीय कार्य विभाग के मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने रविवार को खालवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने स्वयं छोटे बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। पल्स पोलियो अभियान का उद्देश्य देश को पोलियो मुक्त बनाए रखना और नवजात एवं शिशु आयु वर्ग के बच्चों को इस खतरनाक बीमारी से सुरक्षित रखना है। मंत्री ने उपस्थित लोगों से अपील की कि कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे और हर माता-पिता अपने बच्चों को यह दवा जरूर पिलाएं। कार्यक्रम के दौरान एसडीएम हरसूद रमेश खतेडिया, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ. पी. जुगतावत, डॉ. योगेश शर्मा और सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग संतोष शुक्ला सहित बड़ी संख्या में चिकित्सक और स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे। सभी ने मिलकर अभियान के सफल संचालन का संकल्प लिया।